प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2020
इतिहास (केवल प्रश्न पत्र)
कक्षा–12

समय : तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

नोटः i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

ii) इस प्रश्न पत्र में पाँच खण्ड हैं। खण्ड 'क' में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ख' में 05 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ग' में 06 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, खण्ड 'ग' में 03 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं तथा खण्ड 'ङ' में ऐतिहासिक तिथियों व मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं।

iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।

खण्ड–'क'

बहुविकल्पीय प्रश्न

1– हड़प्पा सभ्यता के साक्ष्य सर्वप्रथम किस स्थान से प्राप्त हुये थे? 1

(क) हड़प्पा स्थल (ख) लोथल स्थल

(ग) मोहनजोदड़ो स्थल (घ) रोपड़ स्थल

2– हाथी गुम्फा लेख किस राजा के बारे में जानकारी देता है? 1

(क) चन्द्रगुप्ता मौर्य (ख) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

(ग) अशोक (घ) खारवेल

3– संगम साहित्य किस भाषा में है? 1

(क) संस्कृत (ख) हिन्दी

(ग) तमिल (घ) पाली

4– महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था? 1

(क) कोशल (ख) सारनाथ

(ग) राजगृह (घ) पाटलिपुत्र

5— इब्नबतूता का अरबी भाषा में लिखा गया यात्रा वृत्तान्त का नाम क्या है? 1

(क) तहकीक–ए–हिन्द (ख) ट्रैवेल्स इन दि मुगल एम्पायर

(ग) रिह्ला (घ) ट्रैवेल्स इन इण्डिया

6— चिश्ती सम्प्रदाय की भारत में स्थापना किसने की? 1

(क) ख्वाजा इसहाक शामी चिश्ती

(ख) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती

(ग) शेख सलीम चिश्ती

(घ) अबू अब्दल चिश्ती

7— विजय नगर का संस्थापक कौन था? 1

(क) महमूद गावाँ (ख) देवराय प्रथम

(ग) हरिहर और बुक्का (घ) कृष्णदेव राय

8— बंगाल में भूमि का स्थाई बन्दोबस्त (1793ई0) किसने आरम्भ किया? 1

(क) बहादुर शाह (ख) लार्ड विलियम बैंटिक

(ग) लार्ड डलहौजी (घ) लार्ड कार्नवालिस

9— 1798ई0 में सहायक सन्धि को किसने तैयार किया था? 1

(क) लार्ड डलहौजी (ख) लार्ड कैनिंग

(ग) हेनरी हार्डिंग (घ) लार्ड वेलेजली

10– गाँधी जी ने नमक कानून कब भंग किया? 1

(क) 10 अगस्त, 1928ई0 (ख) 6 अप्रैल, 1930ई0

(ग) 8 मई, 1933ई0 (घ) 7 नवम्बर, 1938ई0

खण्ड–'ख'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

11– हड़प्पा सभ्यता की कोई दो विशेषतायें लिखिये? 1+1

12– मेगस्थनीज कौन था? उसकी पुस्तक का नाम लिखिये? 1+1

13– विजय नगर साम्राज्य की स्थापना किसने और कब की? 1+1

14– संथाल लोगों को विद्रोह की आवश्यकता कब और क्यों महसूस हुयी? 1+1

15– 1857ई0 की क्रान्ति के दो मुख्य कारण लिखिये। 1+1

खण्ड–'ग'

लघु उत्तरीय प्रश्न

16– स्तूप क्यों और कैसे बनाये जाते थे? 2½+2½

17– सती प्रथा के कौन से तत्वों ने बर्नियर का ध्यान अपनी ओर खींचा? 5

18– मुगल प्रान्तीय शासन की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए? केन्द्र किस तरह से प्रान्त पर नियन्त्रण रखता था? 5

19– क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि हड़प्पा सभ्यता के शहरों की जल निकास प्रणाली नगर योजना की ओर संकेत करती है अपने उत्तर के कारण लिखिए? 5

20— उन्नीसवीं सदी में नगर—नियोजन को प्रभावित करने वाली चिन्तायें कौन सी थी? 5

21— नमक कानून स्वतंत्रता संघर्ष का महत्वपूर्ण मुद्दा क्यों बन गया था? 5

खण्ड—'घ'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

22— मौर्य प्रशासन के प्रमुख अभिलक्षणों का उल्लेख कीजिए? अशोक के अभिलेखों में इनमें से कौन—कौन से तत्वों के प्रमाण मिलते हैं? 5+5

अथवा

किन मायनों में सामाजिक अनुबन्ध की बौद्ध अवधारणा समाज के उस ब्राह्मणीय दृष्टिकोण से भिन्न थी जो 'पुरूषसूक्त' पर आधारित थी? 10

23— कबीर अथवा बाबा गुरूनानक के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए? इन उपदेशों का किस तरह सम्प्रेषण हुआ? 10

अथवा

स्थापत्य की कौन—कौन सी परम्पराओं ने विजय नगर के वास्तुविदों को प्रेरित किया? उन्होंने इन परम्पराओं में किस प्रकार बदलाव किया? 10

24— इस्तमरारी बन्दोबस्त के बाद बहुत—सी जमींदारियाँ क्यों नीलाम कर दी गयीं? 10

अथवा

महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन के स्वरूप को किस तरह बदल डाला? 10

खण्ड—'ङ'

25— निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए।

(1) 2600 ईसा पूर्व 1

(2) 321 ईसा पूर्व 1

(3) 185 ईसा पूर्व 1

(4) 78 ई0 1

(5) 1336 ई0 1

(6) 1565 ई0 1

(7) 1526 ई0 1

(8) 1765 ई0 1

(9) 1773 ई0 1

(10) 1802 ई0 1

26— **मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न:**

दिये गये भारत के रेखा—मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों का अंकन (•) चिन्ह द्वारा दर्शाइये तथा उनके नाम भी लिखिये। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित है।

(i) वह स्थान जहाँ से बाजरे के दाने प्राप्त हुये थे। 1+1

(ii) वह स्थान जहाँ शेख सलीम चिश्ती की दरगाह है। 1+1

(iii) वह स्थान जहाँ बृहदेश्वर मन्दिर स्थित है। 1+1

(iv) वह स्थान जिसे शाहजहाँ ने अपनी नयी राजधानी शाहजहाँनाबाद बनाया। 1+1

(v) वह स्थान जहाँ से 1857 का विद्रोह प्रारम्भ हुआ। 1+1

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये प्रश्न संख्या–26 के मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)

(i) बाजरे के दाने कहाँ से प्राप्त हुये। 2

(ii) शेख सलीम चिश्ती की दरगाह कहाँ है। 2

(iii) बृहदेश्वर मन्दिर कहाँ स्थित है। 2

(iv) शाहजहाँ ने शाहजहाँनाबाद कहाँ बसाया। 2

(v) 1857 का विद्रोह कहाँ हुआ। 2

*****